उत्तराखंड तकनीकी विवि के प्रथम सेमेस्टर में नया सिलेबस लागू

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) के सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में चालू सत्र से नया सिलेबस लागू कर दिया गया है। विवि की ओर से प्रभारी अध्यादेशों (ओडिनेंस) से विवि से संबद्ध राजकीय, संगठक और निजी इंजीनियरिंग कालेजों को अवगत करवा दिया गया है। छात्रों को नए अध्यादेश से अवगत कराने संबंधी प्रमाण पत्र प्रत्येक कालेज को विवि में जमा करना होगा।

यूटीयू के कुलसचिव आरपी गुप्ता ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रविधानों के अनुसार विवि ने यह कदम उठाया है। यूटीयू से संबद्ध 14 राजकीय व संगठक इंजीनियरिंग कालेज व 65 निजी संस्थान हैं। इन संस्थानों में 16 पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिनमें बीटेक प्रमुख है। कुलसचिव ने बताया कि प्रथम वर्ष के छात्रों को नए अध्यादेशों 2022-23 के प्रविधानों से अवगत कराया जा चुका है। नए छात्रों को विवि की ओर से तैयार किए गए नए सिलेबस के अनुरूप पठन-पाठन कराना होगा, तभी उन्हें नई शिक्षा नीति का लाभ मिल पाएगा। जिन संस्थानों ने अभी तक नए सिलेबस को लागू नहीं किया है, उनके विरुद्ध विवि की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

एमबीए व एमबीए पार्ट टाइम पाठ्यक्रम शुरू

यूटीयू में चालू शिक्षा सत्र से एमबीए व एमबीए पार्ट टाइम शुरू किए गए हैं। जिन नौकरी-पेशा व्यक्तियों के पास समय नहीं है और वह एमबीए करने के इच्छुक हैं तो वे एमबीए पार्ट टाइम में प्रवेश ले सकते हैं। (जासं)

Scanned with CamScanner